दिनांकः 10.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- भारतीय सेना ने जैसलमेर–बाड़मेर सहित अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर स्थित देश के 26 स्थानों पर ड्रोन हमलों को विफल किया।
- भारत–पाक तनाव से उपजे हालात के मद्देनज़र प्रदेश में सीमा से सटे इलाकों में सुरक्षा कड़ी की गई–मुख्यमंत्री ने सामरिक महत्व की इमारतों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये।
- जैसलमेर सहित देश के उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों के 32 हवाई अड्डों से 15 मई तक उड़ाने अस्थायी रूप से बंद की गईं–जोधपुर रेल मंडल ने आज के लिए सात ट्रेनों को रद्द किया।
- राष्ट्रीय लोक अदालत आज–प्रदेश में करीब पांच लाख मामलों का आपसी राज़ीनामे से निपटारा किया जाएगा।

...................

भारतीय सेना ने जम्मू के पास पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड को नष्ट कर दिया है। यहां से ट्यूब लॉन्च ड्रोन छोड़े जा रहे थे। इसके अलावा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर स्थित बारामुला से भुज तक 26 स्थानों पर ड्रोन हमलों को विफल कर दिया। इनमें वे ड्रोन भी शामिल हैं जो, रिहायशी और सैनिक ठिकानों के लिए खतरा बन सकते थे। रक्षा सूत्रों के अनुसार, इन स्थानों में जैसलमेर और बाड़मेर भी शामिल हैं। इस बीच, मौजूदा स्थिति पर नई दिल्ली में आज भारतीय सेना का मीडिया को जानकारी देने का कार्यक्रम है।

इधर, वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए राज्य सरकार अलर्ट मोड पर है और हर गतिविधि पर कड़ी नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में गृह विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। सीमावर्ती जिलों में प्रभारी सचिवों को भेजा गया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सामरिक महत्व की इमारतों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक बढ़ाने को कहा। पर्यटन स्थलों तथा भीड़–भाड़ वाली जगहों पर भी सख्त निगरानी करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद करने के निर्देश दिये। इससे पहले उन्होंने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

इस बीच, सभी जिलों में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर ड्रोन, पटाखे और नियोन तथा हैलोजन लाइट्स के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। आम लोगों के वास्ते सुरक्षा के मद्देनजर और सूचनाएं देने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में अस्थाई कन्ट्रोल रूम ''जयहिन्द नियन्त्रण कक्ष'' बनाया गया है।

वहीं सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम और कड़े कर दिये गये हैं। जिला प्रशासन की ओर से लोगों को लगातार सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना करने की अपील की जा रही है। फलौदी में जिला पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने लोगों से ब्लैक आउट का पालन करने के साथ–साथ साइबर हमले से भी बचकर रहने को कहा है।

..............

बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुरक्षा बलों की ओर से सरहद पर विशेष चौकसी रखी जा रही है। डिफेंस एरिया के पांच किलोमीटर के क्षेत्र को नो एंट्री जोन घोषित कर दिया गया है।

..............

राज्य निर्वाचन आयोग ने श्रीगंगानगर, बाडमेर, जैसलमेर और बीकानेर जिलों में पंचायतीराज संस्थानों में खाली पदों को भरने के लिए होने वाले उपचुनाव को स्थगित कर दिया है। वहीं 12 मई से प्रदेश के वन क्षेत्रों में वॉटर होल पद्धति से होने वाली वन्यजीव गणना भी स्थगित कर दी गई है।

.........................

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। कल नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने सभी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन और ट्रॉमा केयर किट की पर्याप्त आपूर्ति करने को कहा है।

इधर, प्रदेश में भी चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में आपदा प्रबंधन की पुख्ता तैयारियां की हैं। विभाग के सचिव अम्बरीश कुमार ने बताया कि जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के सीमावर्ती अस्पतालों में 336 सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स लगाए गए हैं। जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और फलौदी जैसे संवेदनशील जिलों में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं।

...............

भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने 15 मई तक देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 32 हवाई अड्डों से उड़ानें अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। इनमें जैसलमेर, अमृतसर, चंडीगढ़, जम्मू, श्रीनगर, भुज, जामनगर, पठानकोट और अन्य हवाई अड्डे शामिल हैं। एयरलाइंस को वैकल्पिक मार्गों की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

इस बीच, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल परिचालन के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। श्री वैष्णव ने रेलवे अधिकारियों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रेलगाड़ियां चलाने के निर्देश दिए।

इधर, जोधपुर रेल मंडल ने आज सात ट्रेनों को रद्द किया है। वहीं चार प्रमुख रेलगाड़ियां आंशिक रूप से रद्द की गई हैं।

..............

आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचारों के समय में परिवर्तन किया गया है। सुबह 9 बजे प्रसारित होने वाला समाचार बुलेटिन अब सुबह साढे 9 बजे प्रसारित होगा। इसी तरह दोपहर 1 बजे प्रसारित होने वाला बुलेटिन का समय दोपहर साढे 12 बजे रहेगा। राष्ट्रीय समाचारों के प्रसारण के मद्देनजर ये बदलाव किया गया है।

...........

प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस साल की ये दूसरी लोक अदालत होगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगने वाली इन अदालतों में राजीनामे से आपसी समझौतों को प्रोत्साहित किया जाएगा। लोक अदालतें विवादों को लम्बे मुकदमेबाजी के बिना सुलझाने का किफायती माध्यम है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि लोक अदालतों के लिए जिला स्तर पर 476 बैंचों का गठन किया गया है। लोक अदालतों के जरिए करीब पांच लाख मामलों को निपटाने का लक्ष्य रखा गया है।

...................

प्रदेश में कल भी कई स्थानों पर बरसात का सिलसिला जारी रहा। बारां और करौली में कल देर शाम बरसात हुई। भीलवाडा में कल हुई वर्षा के बाद आज सुबह से बादल छाए हुए हैं। पाली में रातभर रुक–रुक कर बरसात हुई। इससे परशुराम महादेव का झरना चल रहा है। वहीं जिले के बाली और रानी में तेज अंधड़ से कई पेड़ और बिजली के खम्भे गिर गये।

मौसम विभाग ने अगले एक–दो दिन राज्य के दक्षिण पूर्वी और पश्चिमी भागों में हल्की से मध्यम बरसात होने और आंधी का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में आंधी–बारिश की गतिविधियों में 12 मई से और पूर्वी राजस्थान में 13 मई से कमी आने की संभावना है।

.........................